# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः गोप. 241
दिनांकः 05.08.2020 07

## प्रेस विज्ञप्ति

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक,
राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित संस्थान /
महाविद्यालय / विश्वविद्यालय परिसर
सम्बद्ध चौ0चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।

विषयः विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2019 प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा ऑन लाईन कराये जाने के सम्बन्ध में।
महोदय / महोदया,

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 30.7.2020 के मद संख्या–10 के संकल्प में निम्नलिखित निर्णय लिया गया है:–

"परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित संस्थान / महाविद्यालय / विश्वविद्यालय परिसर में सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2019 की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षायें जिनकी परीक्षाओं की तिथियॉ निर्धारित हो चुकी थी परन्तु कोविड–19 महामारी के कारण सम्पादित नहीं हो पायी है, जिस पर विषम सेमेस्टर की प्रायोगिक / मौखिक परीक्षाओं के लिए सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा लिखित परीक्षा में सम्मिलित हुये विद्यार्थियों की सहमति लिखित रूप से प्राप्त होने के उपरान्त ही ऑनलाईन मौखिक परीक्षा की अनुमति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।"

परीक्षा समिति के संकल्प के अनुपालन में विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2019 की ऑनलाईन प्रयोगात्मक परीक्षाऐं सम्पन्न करा कर उनके आन्तरिक व प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंक प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय में ऑनलाईन प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें तथा अंक ऑनलाईन अपलोड करते हुए अवार्ड की दो प्रतियॉ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) अविलम्ब गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या 40 पर जमा कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
7/8/2020
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वयैक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ ।
3. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता / सहायक प्रेस प्रवक्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. प्रभारी वैबसाइट को, विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
5. प्रभारी कम्प्यूटर सैल / परीक्षा परिणाम सैल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
6. श्री नितिन द्विवेदी, को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा वैब साईट पर विषम सेमेस्टर प्रणाली परीक्षा दिसम्बर 2019 की प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा के अंक ऑनलाईन अपलोड करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

सहायक कुलसचिव(गोपनीय)